# समापन भाषण

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा का अष्टम सत्र दिनांक 27 फरवरी, 2023 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 05 अप्रील, 2023 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-20 (बीस) बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 27 फरवरी, 2023 को महामहिम राज्यपाल द्वारा बिहार विधान मंडल के एक साथ समवेत बैठक में दोनों सदनों के सदस्यों को विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में संबोधित किया गया एवं अन्य बैठकें सभावेश्म में हुईं । सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित 06 (छः) विधेयकों का एक विवरण सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया । उसी दिन प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति भी सदन पटल पर रखी गयी । कुल-12 (बारह) जननायकों के निधन के प्रति शोक-प्रकाश किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

दिनांक 28 फरवरी, 2023 को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक को सदन में उपस्थापित करते हुए बजट भाषण दिया गया।

महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर माननीय सदस्य, श्री भूदेव चौधरी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर दिनांक 28 फरवरी, 2023 को वाद-विवाद प्रारम्भ हुआ और यह दिनांक 01 मार्च, 2023 को भी जारी रहा । जारी वाद-विवाद का उत्तर दिनांक 01 मार्च, 2023 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया तत्पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

दिनांक 02 मार्च, 2023 को प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया ।

दिनांक 03 मार्च, 2023 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक पर दिनांक 02 मार्च, 2023 से जारी सामान्य विमर्श का उत्तर श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

दिनांक 06 मार्च, 2023 को वित्तीय वर्ष 2022-23 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान की माँग पर वाद-विवाद हुआ तथा सरकार के उत्तर के बाद माँग स्वीकृत हुई एवं शेष माँगे गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुई । तत्पश्चात संबंधित विनियोग विधेयक भी स्वीकृत हुआ ।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक से संबंधित नौ अनुदानों की माँगे सदन में विमर्श के उपरान्त स्वीकृत हुए एवं दिनांक 24 मार्च, 2023 को आय-व्ययक में सम्मिलित शेष अनुदानों की माँगे गिलोटिन (मुखबंध) के द्वारा स्वीकृत हुए । तदुपरान्त संबंधित विनियोग विधेयक भी स्वीकृत हुआ ।

दिनांक 31 मार्च, 2023 को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद- 151(2) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार सरकार का 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष 2021-22 के प्रतिवेदन ''वित्त लेखे (खण्ड-1 एवं 2)'' तथा ''विनियोग लेखे'' की प्रति सदन पटल पर रखी गयी तथा प्रतिवेदनों को बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति द्वारा विचार किये जाने के पूर्व जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

दिनांक 05 अप्रील, 2023 को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के जेन्डर बजट पुस्तिका, बाल कल्याण बजट पुस्तिका एवं परिणाम बजट पुस्तिका की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

इस सत्र में निम्न राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली :-

1) बिहार विनियोग विधेयक, 2023.

2) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2023.

3) बिहार नौकाघाट बन्दोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक, 2023.

4) आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (एनेबलिंग) (संशोधन) विधेयक, 2023.

सत्र के दौरान कुल-4646 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 3888 प्रश्न स्वीकृत हुए । इन स्वीकृत 3888 प्रश्नों में कुल-94 अल्पसूचित प्रश्न थे जिनमें 85 के उत्तर प्राप्त हुए, कुल-3259 तारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए जिनमें 2681 के उत्तर प्राप्त हुए । साथ ही 535 प्रश्न अतारांकित हुए । सरकार की संवेदनशीलता से लगभग सभी विभागों ने प्रश्नों का शत-प्रतिशत उत्तर दिया ।

इस सत्र में कुल-370 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 38 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए, 320 सूचनाएँ लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये तथा 12 अमान्य हुए ।

इस सत्र में कुल-822 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 799 स्वीकृत हुए एवं 23 अस्वीकृत हुए । कुल-424 याचिकाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 399 स्वीकृत एवं 25 अस्वीकृत हुई । इस सत्र में कुल-288 गैर सरकारी संकल्प की सूचना प्राप्त हुई ।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल के माध्यम से जनहित के कतिपय मामले उठाये गये एवं विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन, नियमावली, अधिसूचना की प्रति तथा बिहार विधान सभा के विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गये ।

माननीय सदस्यगण, सत्र के संचालन में सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, नेता, विरोधी दल एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ ही पक्ष-प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ ।

समाचार प्रेषण में पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही सफलता से ले जाने का कार्य किया, इस हेतु उन्हें भी मैं साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित पुलिस बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वह्न किया है इसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं ।

-------